भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1167
उत्तर देने की तारीख : 16.12.2013

भाषायी अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान

1167. श्री तपन कुमार सेन :
श्री पी॰ राजीव :

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में भाषायी अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों की संख्या कितनी है;

(ख) ऐसे कितने संस्थान पूरे देश में और विशेषतः दिल्ली में सरकार से सहायता प्राप्त करते हैं;

(ग) कौन एजेंसी ऐसे संस्थानों के कार्यकरण की निगरानी करने के लिए अधिकृत है; और

(घ) ऐसे संस्थानों को अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कौन–सी एजेंसी अधिकृत है ?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री **(श्री निनोंग ईरींग)**

(क) से (ग) : भाषाजात अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों द्वारा मान्यता प्रदान की जाती है। केंद्र सरकार द्वारा भाषाजात अल्पसंख्यक संस्थानों को सहायता अनुदान जारी करने के लिए कोई योजना क्रियान्वित नहीं की जाती है।

(घ) : भाषाजात अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों के अल्पसंख्यक प्रमाण–पत्र संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों द्वारा जारी किए जाते हैं

*****